ही रहती है। पार्किंग में सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे हैं। पार्किंग के दौरान यदि किसी व्यक्ति का कोई सामान खो जाता है या वाहन क्षतिग्रस्त हो जाता है तो कैमरे न होने के कारण ग्राहक संतुष्ट नहीं होता। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि सभी पार्किंग को नियंत्रित किया जाए। साथ ही शुल्क भी निर्धारित किया जाए। संवाद

# विद्यार्थियों को यौन शोषण पर किया जागरूक

**तेलका (चंबा)**। स्थानीय कॉलेज परिसर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. उपेंद्र कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में हुआ।

इसमें छात्र-छात्राओं सहित महिला कर्मचारियों को यौन शोषण से संबंधित विषयों के बारे में जागरूक किया। विद्यार्थियों को अच्छे-बुरे स्पर्श के बारे में कनिष्ठ कार्यालय सहायक आईटी मीरा कुमारी और ईना कुमारी ने अवगत करवाया। साथ ही उनसे उनकी इस विषय से संबंधित समस्याओं के बारे में पूछा गया। किसी भी विद्यार्थी और महिला कर्मचारी ने कोई भी समस्या महाविद्यालय यौन शोषण निरोधक कमेटी को नहीं बताई।

कार्यक्रम में शिक्षक व गैर शिक्षक कर्मचारियों के साथ-साथ 48 छात्राओं ने भाग लिया। संवाद



चंबा के तेलका कॉलेज में जागरुकता कार्यक्रम के दौरान मौजूद विद्यार्थी। स्रोत : जागरूक पाठक